हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े एक्टिवा चोरी

**भिलाई।** शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। सुपेला थाना क्षेत्र के स्मृति नगर चौकी अंतर्गत दीन दयाल कॉलोनी में दिनदहाड़े एक एक्टिवा चोरी का मामला सामने आया है। घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर पार कर ले गया। पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पीड़िता संगीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके नाम पर पंजीकृत एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 सीवाय 2892 का उपयोग उनका बेटा पंकज सिंह ड्यूटी आने-जाने के लिए करता है। रोज की तरह 21 अप्रैल की सुबह भी वाहन घर के नीचे ई-ब्लॉक की पार्किंग में खड़ा था। सुबह करीब 10.30 बजे तक एक्टिवा वहीं खड़ी थी, इसके बाद मामले की सूचना स्मृति नगर चौकी में दी गई। शिकायत के अनुसार, अज्ञात चोर ने सुबह 10:30 से 11 बजे के बीच नीले रंग की उक्त एक्टिवा चोरी कर ली।

### वीडियो कॉल पर डराया, घर पहुंचकर ली तलाशी, सोना गिरवी रखवाकर भी ऐंठे पैसे

# डिजिटल अरेस्ट : मुंबई क्राइम ब्रांच का फर्जी अधिकारी बनकर बुजुर्ग महिला से लाखों ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**मामला स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का**



साइबर ठगी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ठगों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कई दिनों तक मानसिक दबाव में रखा और आखिरकार 7 लाख रुपये की ठगी कर ली। हैरानी की बात यह है कि ठगों ने न सिर्फ वीडियो कॉल के जरिए डराया, बल्कि फर्जी पुलिस बनकर महिला के घर तक पहुंच गए और तलाशी के नाम पर सोना गिरवी रखवाकर भी रकम हड़प ली। मामला स्मृतिनगर चौकी, थाना सुपेला क्षेत्र का है।

आर्य नगर कोहका निवासी 62 वर्षीय निर्मला चौबे ने शिकायत दर्ज कराई है कि 13 मार्च 2026 को उनके मोबाइल पर एक वीडियो कॉल आया। कॉल पर 5-7 लोग पुलिस की वर्दी में नजर आए। उनमें से एक ने खुद को संदीप राव, मुंबई क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बताया। ठगों ने महिला को बताया कि उनके नाम पर कोटक महिंद्रा बैंक का खाता है, जिसमें अलग-अलग शहरों से 4-5 करोड़ रुपए जमा हैं और वे अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। इसके बाद उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने और घर की तलाशी लेने की धमकी दी गई। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि उन्होंने किसी परिजन को जानकारी दी, तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। डर के माहौल में महिला से व्हाट्सएप पर लिखित बयान तक मंगवाया गया और फर्जी दस्तावेज दिखाए गए, जिनमें उनके नाम से एफआईआर और सुप्रीम कोर्ट के आदेश जैसे कागजात शामिल थे। लगातार कई दिनों तक मानसिक दबाव बनाकर उनसे पैसे ट्रांसफर करवाए गए।

महिला ने 16 मार्च को एसबीआई सेक्टर-1 भिलाई स्थित अपने खाते से 3 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए एक खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद 17 मार्च की शाम दो युवक और एक युवती उनके घर पहुंचे। उन्होंने खुद को जांच टीम बताकर घर की तलाशी की बात कही और 4 लाख रुपये की मांग की। जब महिला ने नकदी न होने की बात कही, तो ठगों ने घर में रखे सोने के गहने दिखाने को कहा। फिर उन्हें सुपेला स्थित मुथुट फाइनेंस में सोना गिरवी रखकर पैसे जमा करने के लिए कहा गया। महिला ने उनके बताए अनुसार 4 लाख रुपये और ट्रांसफर कर दिए। ठगों ने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद 15 अप्रैल के बाद पूरी रकम वापस कर दी जाएगी। इसी झांसे में आकर महिला ने किसी भी परिजन को इसकी जानकारी नहीं दी। वह घर में अकेली रहती हैं, जबकि बेटा बेंगलुरु और बेटी राजस्थान में रहती है। आखिरकार ठगी का अहसास होने पर महिला अपने दामाद के साथ स्मृति नगर चौकी पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। सुपेला थाना पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हुक्का और ई-सिगरेट का व्यापार करने वाले दो कारोबारी गिरफ्तार

- छापे में 1 लाख से ज्यादा की प्रतिबंधित सामग्री जब्त, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए दोनों आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच मोहन नगर पुलिस ने हुक्का और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। मालवीय नगर इलाके में दबिश देकर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के मुताबिक 22 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जैन मंदिर के सामने स्थित एक दुकान में अवैध रूप से हुक्का फ्लेवर और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान दुकान से 55 पैकेट हुक्का फ्लेवर, 40 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, हुक्का नोजल और कोयला सहित अन्य सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा 600 रुपए नगद भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1 लाख 2 हजार 100 रुपरु आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 21(1), 4 सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 तथा धारा 7 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भंडारण एवं विज्ञापन प्रतिषेध) अधिनियम 2019 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश जैन (38) और शैलेश जैन (36), दोनों निवासी मालवीय नगर दुर्ग के रूप में हुई है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मामले में जांच जारी है।




## नशे में मचाया उत्पात, रिसाली निगम के राजस्व और उप राजस्व निरीक्षक निलंबित

### वार्ड-55 डुंडेरा और रिसाली कार्यालय में की थी गाली-गलौच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम के एक राजस्व और उप राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। राजस्व निरीक्षक मंगल प्रसाद कुर्रे वार्ड क्रमांक-35 डुंडेरा पश्चिम क्षेत्र और राजस्व उप निरीक्षक किशोर कुमार रामटेके पर यह कार्रवाई की गई है। इन दोनों पर शराब के नशे में गाली गलौच करने, उत्पात मचाने व लेनदेन करने का आरोप था जिसकी जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

**वायरल हुआ था आरोपी राजस्व निरीक्षक का वीडियो**

राजस्व निरीक्षक मंगल प्रसाद कुर्रे वार्ड क्रमांक-35 डुंडेरा पश्चिम क्षेत्र का एक वायरल वीडियो हुआ। जिसमें कुर्रे अपनी ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में धुत्त होकर फुटकर व्यापारियों, स्थानीय निवासियों से अत्यंत आपत्तिजनक, अमर्यादित एवं असंयमित व्यवहार कर रहे थे। गाली-गलौज, अभद्रता करते हुए सामान क्रय कर भुगतान न करने जैसे गंभीर आरोप लगे। शिकायत के आधार पर रिसाली निगम से 17.04.2026 को कारण बताओं पत्र जारी किया गया था। स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत किया गया जो असंतोषजनक एवं तथ्यहीन पाया गया।

**रिसाली निगम टंकी कार्यालय में मचाया उत्पात**

किशोर कुमार रामटेके, राजस्व उप निरीक्षक ने 16.04.2026 को रिसाली निगम के टंकी कार्यालय में शराब के नशे में धुत्त होकर कार्यालयीन समय में टंकी कार्यालय परिसर में उपस्थित विवेक रंगनाथ (राजस्व उप निरीक्षक) एवं अन्य प्लेसमेंट कर्मचारियों से गाली-गलौच की। एक भृत्य के वेतन कटौती का कारण पूछते हुए कर्मचारी संघ के सदस्य विवेक रंगनाथ (राजस्व उप निरीक्षक) एवं अन्य प्लेसमेंट कर्मचारियो की उपस्थिति में कार्यालय परिसर के अंदर अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। कर्मचारी संघ के संबंध में अनुचित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की।

**इस अधिनियम के तहत निलंबन**

राजस्व निरीक्षक मंगल कुर्रे और उप राजस्व निरीक्षक किशोर रामटेके को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3(1), 3 (2) एवं 3(3) का उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसलिए प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तथा प्रथम दृष्ट्या गंभीर कदाचार की श्रेणी में होने एवं प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक एवं तथ्यहीन होने के कारण, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय, कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली के स्टेनो कक्ष में निर्धारित किया जाता है तथा वे बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

## रौब जमाने के चक्कर में फंसा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- थार में पुलिस बोर्ड लगाकर सड़क पर मचा रहा था उत्पात

सड़क पर रौब दिखाने के लिए थार गाड़ी में पुलिस का बोर्ड लगाकर घूमना एक युवक को भारी पड़ गया। सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत स्मृति नगर चौकी पुलिस ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 23 अप्रैल को जुनवानी चौक के पास एक काले रंग के थार वाहन को चलने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम जब उस तरफ गई तो देखा कि युवक गाड़ी में पुलिस का बोर्ड लगाए हुए हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को रोककर जब जांच की तो पता चला की वाहन को समीर वर्मा (23), निवासी आर्य नगर कोहका चला रहा था। उसने लोगों में धौंस जमाने के लिए वाहन में अवैध रूप से पुलिस का मोनो और बोर्ड लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं घटना में प्रयुक्त ब्लैक थार सीजी 07 सीपी 8800 को जब्त कर लिया गया है।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई।** अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ अलमारी में रखे नकदी और जेवरात पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर नंदिनी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नंदिनी टाउनशिप निवासी नितिन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि विगत 19 अप्रैल की शाम करीब 4.30 बजे घर में ताला लगाकर अपने गांव महासमुंद गए थे। 22 अप्रेल रात्रि करीब 9 बजे अपने घर पहुंचे। अलमारी में रखे नगदी रकम 25000 रुपए, चांदी के 2 जोड़ी पायल आदि गायब थे।




**फरार वारंटियों पर शिकंजा**

## महिला सहित 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुपेला पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 6 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 पुरुष और 1 महिला आरोपी शामिल हैं। सभी को कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुपेला थाना पुलिस ने लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना और टीम समन्वय के आधार पर यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार आरोपियों में विनोद बघेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती सुपेला, फुलचंद देशलहरे उर्फ बिट्टू उम्र 24 वर्ष, विशाल तांडी उर्फ गुड्डू उम्र 22 वर्ष, अवतार सिंह उर्फ खत्तर उर्फ बन्नी उम्र 22 वर्ष, राजा खरे उम्र 30 वर्ष, निवासी सुपेला और ईशा उर्फ इश्वरी खोब्रागढ़े, उम्र 38 वर्ष, निवासी नेहरू नगर सुपेला शामिल हैं। इन सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था, लेकिन ये लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे और फरार चल रहे थे।

### लक्ष्मी मार्केट में सट्टा खिलाते पकड़ा गया युवक



**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में अवैध सट्टा संचालन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लक्ष्मी मार्केट स्थित शंकर पारा गली में की गई, जहां लंबे समय से सट्टा खिलाए जाने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस के मुताबिक टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लोगों से रुपए लेकर अंकों के आधार पर सट्टा खेला रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। छापे के दौरान एक व्यक्ति मौके पर सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया, जबकि वहां मौजूद अन्य लोग पुलिस को देखकर भाग निकले। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर उसकी पहचान गोलू उर्फ सन्नी यादव (29), निवासी कांट्रेक्टर कॉलोनी, सुपेला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी पर्ची, 400 रुपए नगद और डॉट पेन बरामद कर जब्त किया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



## खबर संक्षेप

### ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज आज

दुर्ग। भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशालय अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली के पत्रानुसार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी एवं होमगार्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो, ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज हेतु मॉक अभ्यास 24 अप्रैल को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दुर्ग कैंपस केन्द्रीय विद्यालय के पास किया जाएगा। उक्त मॉक अभ्यास हेतु कलेक्टर दुर्ग द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। साथ ही मॉक अभ्यास के समय शाम 05 बजे से रात्रि 08 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की कमान



दुर्ग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए दुर्ग जिले में नई नियुक्ति की घोषणा की है। पार्टी ने जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक के मार्गदर्शन में लिया गया है। साथ ही दिल्ली के विधायक और छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के दिशा-निर्देश में प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के प्रयास तेज किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि जसप्रीत सिंह लंबे समय से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत है। इसी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रवीण को युमो में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



भिलाई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक प्रवीण यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रवीण यादव लंबे समय से छात्र और युवा राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला संयोजक के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के बीच प्रभावी कार्य किया है। प्रवीण यादव ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ निर्वहन करेंगे।

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए नोडल तय

दुर्ग। देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित ज्ञानभारतम् मिशन के तहत दुर्ग जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अब तक जिले में किए गए 4 सर्वेक्षणों में 74 पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें रिकॉर्ड पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। यह अभियान आगामी 15 जून तक जारी रहेगा। संकलन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रात 10 बजे के बाद डीजे और लाउड स्पीकर के उपयोग पर नगर निगम दुर्ग के वर्तमान और पूर्व मेयर में रार, आपसी खींचतान बढ़ी

## ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मैरिज पैलेस और भवनों को लेकर महापौर बाघमार हुईं सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाराज और अन्य कार्यक्रमों के दौरान पेपर कंफेटी मशीन के उपयोग पर जुर्माना से लेकर पैलेस का लाइसेंस निरस्त करने तक की चेतावनी दी है। इसके बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि यह सीधे तौर पर हिटलरशाही है। मैरिज पैलेज और अन्य धार्मिक आयोजन स्थलों को परेशान करने के लिए ऐसा निर्णय दुर्ग निगम ने लिया है। वैसे भी इसे लेकर कार्रवाई का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित है। वाहवाही बटोरने और मैरिज पैलेस को परेशान करने के लिए महापौर ने किसी के इशारे पर ऐसा निर्णय लिया है। इसका कांग्रेस हर मोर्चे पर विरोध करेगी।

**रात 10 बजे के बाद कहीं भी डीजे या तेज आवाज में लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं:** महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट किया है कि निगम सीमा क्षेत्र में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि निगम अमला द्वारा रात 10 बजे के बाद विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि इस दौरान कहीं भी हाई वॉल्यूम में डीजे बजता पाया गया, तो सबसे पहले डीजे संचालक और उसके बाद संबंधित भवन, लॉन या मैरिज गार्डन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शादियों एवं अन्य आयोजनों में तेज ध्वनि के कारण यदि ट्रैफिक जाम या आमजन को परेशानी होती है, तो संबंधित मैरिज गार्डन या बैंक्वेट हॉल के लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बारात के दौरान पेपर कंफेटी (कागज के टुकड़े) उड़ाने वाली मशीनों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा पाए जाने पर मशीन को जब्त किया जाएगा तथा संबंधित पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी, निगम को नहीं अधिकार, कांग्रेस करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



पूर्व महापौर और वर्तमान में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी की तैयारी है। निगम का आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का यह मामला है।उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस प्रकार के आदेश जारी करना नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता है, ध्वनि नियंत्रण से जुड़े विषय स्पष्ट रूप से प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत आते हैं, ऐसे में निगम द्वारा इस प्रकार का आदेश जारी करना नियमों के विपरीत एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाला है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से द्वेषपूर्ण और एकतरफा प्रतीत होती है, जिसमें बिना किसी जनपरामर्श के सीधे सख्त प्रतिबंध थोपे जा रहे हैं। इससे आम नागरिकों, आयोजकों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विवाह एवं सामाजिक आयोजन हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों में अनावश्यक सख्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी चेतावनी देना न केवल अनुचित है, बल्कि हजारों लोगों के रोजगार पर भी असर डाल सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाए और यदि कोई नियम बनाना है तो वह जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं संबंधित विभागों से चर्चा के बाद ही बनाया जाए। धीरज बाकलीवाल ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार के जनविरोधी आदेश वापस नहीं लिए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बाकलीवाल ने कहा कि निगम का यह निर्णय केवल मैरिज पैलेस को टारगेट करने के लिए लिया गया है। शहर में और भी संस्थान हैं, जहां धड़ल्ले से नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। कार्रवाई हो तो सब पर होनी चाहिए।

## पाइप लाइन का टेंडर होने के बाद भी भिलाई निगम ने नहीं दिया ध्यान, गर्मी में कॉलोनीवासी परेशान

# लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया अपना आशियाना, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग



*भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत वार्ड 1 खम्हरिया जुनवानी क्षेत्र में लगभग 50-60 घरों की श्री रेसीडेंसी नाम की कालोनी है। यहां लोगों ने 80 लाख से एक करोड़ रुपए तक लगाकर घर बनाया कि वो पॉश कालोनी में रह पाएंगे। उनके बच्चों को एक सिक्योर्ड माहौल मिलेगा। इस कालोनी में कई अधिकारी और बड़े बिजनेसमैन तक रह रहे हैं, लेकिन गर्मी के मौसम ने उनके अरमानो में पानी फेर दिया।*

### गार्डन के एक बोर पर पूरी कॉलोनी निर्भर

यहां के रहवासी राकेश धनकर ने बताया कि कालोनी में गार्डन में लगे एक मात्र बोर से पानी आ रहा है। उसमें हर आधे घंटे में थोड़ा पानी आर रहा है। इसलिए कालोनी के लोग एक राय होकर उस बोर से अपने उपयोग के लिए पानी भर रहे हैं और उसका स्टोर कर अपना काम चला रहे हैं।





### आसपास की कॉलोनी भी जूझ रही जल संकट से

इस कालोनी के पास चौहान ग्रीन वेली से लेकर कई बड़ी और पॉश कालोनी स्थित हैं। यहां बिल्डर ने बोर कराकर पानी देने का सपना तो दिखा दिया, लेकिन बोर के हलक सूख जाने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछली बार भी पानी की किल्लत को लेकर यहां काफी बड़ा आंदोलन हुआ था। इसके बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद यहां टैंकर से पानी की सप्लाई की गई थी। इस अभी गर्मी को दो महीने शेष हैं। यदि पानी सप्लाई की सही व्यवस्था नहीं हुई तो फिर से यहां पानी को लेकर जन आंदलन होने के आसार बन रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

यहां के रहवासियों ने अपने घरों में बोर तो कराया है, लेकिन जमीन का वाटर लेवल कम होने से बोर सूख गए हैं। उनसे पानी ही नहीं आ रहा है। यह समस्या पिछले दो तीन सालों से लगातार हो रही है। इसको देखते हुए यहां के रहवासी राकेश धनकर ने कुछ लोगों के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और सीएम तक से मुलाकात की थी। उनकी समस्या को देखते हुए शासन के आदेश पर इस कालोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए 22.3 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। भिलाई निगम ने निवदा भी जारी की और टेंडर भी हो गया। यह काम अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाना था, लेकिन जिस ठेकेदार को काम मिला है उसने कालोनी के बाहर तक पाइप लाइन बिछाकर काम बीच में छोड़ दिया। उसका कहना है कि निगम के अधिकारियों ने काम रोकने को कहा। ऐसे में कालोनी वासियों का कहना है वो लोग निगम का हर साल लाखों रुपए का टैक्स पटाते हैं। निगम की जम्मेदारी है कि वो हर घर तक पानी पहुंचाए, लेकिन निगम ने उनकी कालोनी का काम रोक दिया है। इससे उनके परिवार के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कालोनीवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कालोनी के अंदर पाइप लाइन को बिछाएं, जिससे घरों तक पानी पहुंच सके।

## नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारी

# जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक कब्जा हटाने मुहिम शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ ड्रेन का निर्माण होना है। इसे लेकर काम शुरू हो चुका है। करोड़ों रुपए के इस प्रोजेक्ट में सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण भी हटाया जाना है।

गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की गई। पुलगांव चौक के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। इससे पहले सर्वे कर सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अतिक्रमण दल का गठन किया गया है। इसमें सहायक अभियंता गिरीश दीवान को प्रभारी बनाया गया है। उनकी टीम में उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, विनोद मांझी, राजस्व उपनिरीक्षक ईश्वर वर्मा, परमेश्वर को शामिल किया गया है। गुरुवार को तोड़दस्ते ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी मौजूद थे। पुलगांव चौक के आसपास निगम ने नालियों पर पक्का निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

- **अतिक्रमण करने वाले 112 लोगों को थमाया नोटिस**

### लोक निर्माण विभाग ने 112 लोगों की सूची तैयार की

जानकारी के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण विभाग को करना है। विभाग की टीम ने सर्वे कर करीब 112 लोगों के अतिक्रमण को चिन्हित किया है। उन्हें नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा गया है। साथ ही निगम और पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए सहयोग के लिए पत्र व्यवहार किया गया है। आगामी दिनों में तारीख तय कर ऐसे सारे अतिक्रमण को तोड़ने की तैयारी है। इसे देखते हुए ही निगम ने दल का गठन किया है।

# मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को, 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### परीक्षा केन्द्र के द्वार सुबह 9.30 बजे होंगे बंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 26 अप्रैल को किया जा रहा है। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान अनुशासन और शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। गहरे रंग जैसे काले, नीले, हरे, जामुनी, मैरून और चॉकलेटी कपड़ों का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। जो अभ्यर्थी धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनकर आएंगे, उन्हें सामान्य समय से पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी या स्कार्फ जैसे किसी भी उपकरण या सामग्री को ले जाना प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन साथ लाने की अनुमति होगी।

## मालवीय नगर चौक बना ब्लैक स्पॉट, आए दिन हो रहे हादसे...



दुर्ग। शहर का प्रमुख चौक मालवीय नगर इन दिनों ब्लैक स्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। आए दिन इस चौक के आसपास हादसे हो रहे हैं। एक दिन पहले बुधवार को एक माल वाहक हादसे का शिकार हो गया। वह अनियंत्रित होकर चौक के करीब स्थित एनसी नाहर के घर की दीवार से टकरा गया। चालक को साधर चोटें आएं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग जुटे। पूर्व पार्षद विजय जलकारे ने बताया कि लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं है। विगत वर्षों मैं सड़क दुर्घटनाओं के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में सर्वाधिक दुर्घटना मालवीय नगर चौक में ही हुई है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे राजनंदगांव की ओर से भिलाई की ओर जा रही फलों से भरा माल वाहक सीजी 07 सीजेड 9809 के सामने भिलाई से दुर्ग रेलवे स्टेशन की ओर जा रही एक कार चौक में अचानक आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में मिनी ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और उसकी ट्रक एनसी नाहर के घर के बाहरी दीवार में जाकर टकराई। जलकारे ने कहा कि सिग्नल बंद रहने के समय अधिकांश हादसे होते हैं।

# पटेल चौक में कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला भाजयुमो ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन दुर्ग के पटेल चौक में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मुख्य उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सह संयोजक दिनेश देवांगन, प्रवक्ता रितेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल आदि मौजूदथे। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी पार्टियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और इस कृत्य की कड़ी निंदा की। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण देकर केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा उन्हें प्रोत्साहित उन्हें आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा था। समस्त विपक्षी पार्टियां खासकर कांग्रेस पार्टी बची हुई अपनी राजनीतिक अस्तित्व को खो ना दे, इस भय से उन्होंने इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया। भविष्य में देश की मातृ शक्तियां कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टी को इसका जवाब अवश्य देंगी। पुतला दहन में कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला महामंत्री डॉ. भारती साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, प्रिया साहू, ईश्वर देवांगन, दीपक सिन्हा सहित युवा व महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## जिला पंचायत दुर्ग में एनसीएफई का जागरुकता कार्यक्रम

# ऑनलाइन फ्रॉड के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### एफएलसीआरपी और बैंक मित्र को दी गई जानकारी



जिला पंचायत दुर्ग में सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र एनसीएफई के अंतर्गत एफईपीए फाइनेशियल एजुकेशन फॉर एडल्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बैंक एफएलसीआरपी के लिए आयोजित किया गया, जिसमें कुल 48 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एसईबीआई एवं एनसीएफई के प्रशिक्षक रवि आर्य द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, बचत एवं निवेश के मूल सिद्धांत, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के बारे में सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। इस सत्र में विशेष रूप से चिट फंड, ऑनलाइन फ्रॉड एवं निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे महिलाएं अपने मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें। इस उपयोगी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सागर पंसारी शामिल हुए। बैंक ऑफ बड़ौदा लीड बैंक से लेखराम ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। चर्चा के दौरान बैंक मित्रों ने सवाल भी पूछे, जिनका मास्टर ट्रेनर जवाब भी दिया। सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण भी किया। साथ ही समय रहते अलर्ट रहने की अपील भी की।

### बैंकिंग, बीमा, पेंशन से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग, बीमा एवं पेंशन से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने परिवार और समाज में वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बन सकें। इस पहल के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि बैंक मित्र और एफएलसीआरपी स्वयं जागरूक बनकर गांव-गांव में वित्तीय साक्षरता का संदेश फैलाएं और अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

# ट्रांसफार्मर खराब होने का नतीजा भुगत रहे धमधावासी, अंधेरा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

### बिजली के बार बार बंद चालू से कई इलेक्ट्रिक सामान हो रहे खराब




भीषण गर्मी 43 डिग्री के बीच धमधा नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक ट्रांसफार्मर खराब होने पर पूरे शहर की बिजली बंद कर दी जा रही है और चार दिन बीत जाने के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। उल्टा स्थिति और बदतर होती जा रही है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश देखने को मिल रहा है।

शहरवासियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पिछले दस सालों से यही हालात बने हुए हैं। जब भी बिजली विभाग से संपर्क किया जाता है, तो हर बार एक ही जवाब दिया जाता है कि लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया। लोगों का सवाल है कि जब लगातार लोड बढ़ रहा है, तो व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। बार-बार बिजली गुल होने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं छोटे व्यापारी और बिजली पर निर्भर काम-धंधे ठप पड़ गए हैं। छात्रों की पढ़ाई पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है, खासकर परीक्षा के समय में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। इसके अलावा लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली आने-जाने से घरेलू उपकरणों के खराब होने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से मेंटेनेंस कार्य चलने और 7 से 15 दिनों में सुधार का दावा किया जा रहा है, साथ ही नए फीडर के शुरू होने की बात भी कही गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई राहत नजर नहीं आ रही। इधर, राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं ने भी इस अव्यवस्था पर चिंता जताई है और जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

लगातार बिगड़ती व्यवस्था से नाराज शहरवासियों ने अब स्पष्ट कर दिया है कि अगर जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। धमधा की बिजली समस्या अब गंभीर जन मुद्दा बन चुकी है और जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### हर वर्ग परेशान

"जिस प्रकार से बिजली व्यवस्था के हालात पूरे धमधा नगर सहित ग्रामीण इलाकों में है आम लोग,व्यापारी,किसान परेशान है सरकार के इस लचर व्यवस्था और बड़े हुए बिजली बिल को देख के लोगो में आक्रोश है कही न कही लोगो का कहना है कि मौजूदा सरकार केवल आम जानो के साथ छल कर रही है।

**राजीव गुप्ता,** प्रभारी जिला महामंत्री कांग्रेस दुर्ग

#### सुधार जरूरी

"बिजली विभाग के कर्मचारी के ऑफिसर ए सी केबिन में है और न ही इनका ब्लॉक मुख्यालय ने निवास है जिसके चलते बिजली व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो पा रही है। जल्द ही सुधार की आवश्यकता है।

**रमन लाल यादव,** पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा

## खबर संक्षेप

### निकिता को मिली पीएचडी की उपाधि



**पाटन।** वार्ड क्रमांक 3 की निवासी निकिता मिश्रा ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने "इन विट्रो कंजर्वेशन ऑफ डिप्लोसाइक्लोज पालमेट्स (एल.) सी. जेफरे थ्रू वेरियस मेथड" विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जो वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निकिता ने अपना शोधकार्य रुवांबांधा स्थित में सुपरवाइजर (गाइड) डॉ. उज्ज्वला सूपे के मार्गदर्शन में पूरा किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. वी. शांति एवं कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शाइनी मेंडोंस का विशेष सहयोग मिला। वे संदीप मिश्रा एवं श्रीमती मंजू मिश्रा की सुपुत्री हैं।

### ईश्वर के बिना जीव का कोई आधार नहीं : अवस्थी



**उतई।** ईश्वर के बिना जीव का कोई आधार नहीं है उक्त बातें बजरंग चौक डुन्डेरा में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथावाचक पं संतोष अवस्थी ने सृष्टि प्रकरण का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि अद्वितीय है ईश्वर है, तभी जीव का अस्तित्व है जैसे अमर बेल जब भी पनपेगा तो वृक्ष का आधार लेकर क्योंकि यह परजीवी है। अमर बेल का वृक्ष के बिना कोई आधार नहीं है। ठीक वही स्थिति जीव की है। ईश्वर के बीना जीव का कोई आधार नहीं है, मनुष्य व्दारा रचित कविता कृति कहलाती है भगवान व्दारा रचित रचना प्रकृति कहलाती है प्रकृति का अर्थ ही परमात्मा की कृति है। उन्होंने भक्तों से मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण करने की अपील की।

### कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कल से



**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में दो दिवसीय विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह का आयोजन 25 अप्रैल से किया गया है। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू तथा जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, क्षेत्र के जिला पंचायत जिला पंचायत सभापति श्रीमती कल्पना नारद साहू सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। आयोजन में सामाजिक पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश स्तर के जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सहमति प्राप्त होने के बाद आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य तेज़ी से चल रहा है।

### स्पर्श हॉस्पिटल में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आज



**भिलाई।** स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा एक निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। इस शिविर में मरीजों को लिवर से जुड़ी बीमारियों की जांच और परामर्श की विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक तकनीक है, जिसके माध्यम से लिवर की कठोरता फाइब्रोसिस और फैट की मात्रा का आकलन किया जाता है। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा परामर्श, निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच, लिवर से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव दी जाएगी। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत जैन सेवाएं देंगे।

### प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद नहीं लग पा रही लगाम

# राजपुर में अवैध खनन जोरों पर, 120 ट्रक जब्ती के बाद भी जारी है खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

### प्रशासन द्वारा जब्त कर पंचायत को सौंपे गए पत्थरों में भी अनियमितता पाई




धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में अवैध पत्थर खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में करीब 120 ट्रक पत्थर जब्त किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन और भंडारण पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। हालात यह हैं कि न तो जांच आगे बढ़ रही है और न ही जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर आ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा जब्त कर पंचायत को सौंपे गए पत्थरों में भी अनियमितताएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि जब्त पत्थरों को धीरे-धीरे अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया गया और कुछ मामलों में उन्हें बेचने तक की बातें सामने आई हैं, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल अवैध खनन ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्रवाई की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। इधर, राजपुर और आसपास के क्षेत्रों में अब भी कई जगहों पर पत्थरों का अवैध भंडारण खुलेआम देखा जा सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और प्रभावशाली लोगों पर अब तक कोई सख्ती नहीं हुई है। इससे यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या कार्रवाई केवल छोटे स्तर तक सीमित रही।

प्रारंभिक जांच में दो खदानों के संचालन की पुष्टि की गई थी, जिनमें से एक वैध और दूसरी संदिग्ध बताई गई। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में इससे अधिक खदानें संचालित हैं और कई स्थानों पर बिना लीज खनन जारी है। इससे जांच की पारदर्शिता और पूर्णता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सबसे गंभीर मामला उस खदान का है जहां जांच के दौरान लगभग 13 मीटर यानी करीब 42 फीट गहराई तक खुदाई पाई गई। खनन नियमों के अनुसार सामान्यतः 6 मीटर तक ही खुदाई की अनुमति होती है और इससे अधिक के लिए विशेष स्वीकृति आवश्यक होती है। इसके बावजूद संबंधित खदान में अब भी खनन गतिविधियां जारी होने की बात सामने आ रही है, जबकि विभाग की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। खनन से जुड़े नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, पर्यावरणीय स्वीकृति अनिवार्य है और रॉयल्टी का भुगतान जरूरी है। इन नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान भी है, लेकिन राजपुर के मामले में इन प्रावधानों का प्रभावी पालन होता नजर नहीं आ रहा। न ही खनिज विभाग आज तक इस मामले में कोई कार्यवाही कर पाया है।

#### लगातार अनदेखी और आधी-अधूरी कार्रवाई

लगातार अनदेखी और आधी-अधूरी कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि वर्षों से अवैध खनन का यह खेल जारी है, लेकिन अब तक बड़े स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि कौन सी खदान वैध है, कहां अवैध खनन हो रहा है और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, 120 ट्रक पत्थर की जब्ती के बावजूद यदि अवैध खनन और भंडारण जारी है, तो यह साफ संकेत है कि कार्रवाई अधूरी है और कहीं न कहीं सिस्टम कमजोर पड़ रहा है। जब तक पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर सभी जिम्मेदारों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह मुद्दा शांत होने वाला नहीं है। अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।



# रूही के पेठू तालाब में मुरूम माफिया का खेल, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

■ जनदर्शन में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप लगाए गंभीर आरोप

पाटन विकासखंड के ग्राम रूही में स्थित पेठू तालाब इन दिनों अवैध उत्खनन का गढ़ बन गया है। हरिभूमि द्वारा लगातार प्रकाशित खबरों के बाद अब ग्रामीणों का रोष खुलकर सामने आ गया है। जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि खसरा नंबर 1137, रकबा 1.64 हेक्टेयर के इस तालाब को सुनियोजित तरीके से गहराई के नाम पर खोदकर मुरूम निकाला जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कथित तौर पर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों सरपंच मेनका पटेल और सचिव के संरक्षण में हो रहा है। जिस तालाब से गांव की प्यास बुझती थी, आज वही माफियाओं की कमाई का जरिया बन चुका है। आरोप है कि अब तक करीब 1000 ट्रक मुरूम तालाब से निकालकर बेचा जा चुका है। बिना किसी वैध अनुमति के हो रहे इस खेल से शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर किसके इशारे पर यह खुला खेल जारी है? क्या प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले में मिलीभगत की ओर इशारा नहीं करती। अवैध उत्खनन को यहां धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है ऊपर से विकास का नाम, अंदर से संसाधनों की लूट मची हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे मुरूम माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले में नींद से जागेगा या फिर यूं ही गांव के जल स्त्रोतों को बर्बाद होते देखता रहेगा अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में जल संकट और भी भयावह रूप ले सकता है।

## बिजनेस साइट

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शंकरा विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार सफलता



**भिलाई।** सेक्टर 10 स्थित शंकरा विद्यालय के छात्रों ने 2025-26 में आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वैभव चौधरी 96.26, भावेश धनकर 93.54, ईशान धिमान 92.23, अर्पित चंद्राकर 88.71, रजत पटेल 83.86, ईरा रामटेके 63.91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जो उनके परिश्रम, समर्पण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी, शाला प्रबंध समिति के सचिव एस. स्वामीनाथन, प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों एवं सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

### कम्यूनिकेशन स्किल्स बढ़ाने कार्यशाला का आयोजन




**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणाथियो में कम्यूनिकेशन स्किल्स को बढ़ाना और पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान आकर्षित कराना था। मुख्य अतिथि मानव गुप्ता फाउंडर स्पीक यात्रा और प्रो. स्मिता सक्सेना प्राचार्य मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प पौध द्वारा किया गया। मानव गुप्ता ने इसेंसियल ऑफ कम्युनिकेशन स्किल पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। इससे सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके आने वाले समय में उचित दिशा में अपनी इस कौशल को प्रयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।



# बौद्धिक संपदा अधिकार को समझा विद्यार्थियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

■ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, महकाखुर्द, दुर्ग द्वारा ₹बौद्धिक संपदा अधिकारः आधुनिक युग में नवाचारों की सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की निदेशक ख्याति साहू के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने नवाचारों को सुरक्षित रखने में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "प्रिज्म में हम मानते हैं कि हर विचार को सुरक्षा मिलनी चाहिए। यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को जागरूक बनाने की दिशा में एक कदम है, ताकि वे बिना किसी डर के नवाचार कर सकें।"इस सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. शुभ्रता नागपाल, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग थीं। डॉ. नागपाल ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिज़ाइन जैसे विषयों पर अपने विस्तृत ज्ञान को साझा किया और छात्रों, शोधकर्ताओं एवं उभरते उद्यमियों के लिए इसके महत्व को समझाया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज की नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था में अपने विचारों की सुरक्षा करना उतना ही आवश्यक है जितना कि उन्हें उत्पन्न करना। हर विद्यार्थी को अपने भविष्य के योगदान को सुरक्षित करने के लिए आईपीआर की मूलभूत जानकारी होना जरूरी है।

इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के छात्रों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पाटन क्षेत्र के दो उपकेंद्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर शुरू



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के विद्युत अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करते हुए पाटन विद्युत संभाग के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण स्थानों पर नए पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किए गए। पाटन वितरण केंद्र के 33/11 केवी उपकेंद्र फुंडा और जामगांव (टी) वितरण केंद्र के 33/11 केवी उपकेंद्र घुघवा में 3.15 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए। इन दोनों उपकेंद्रों में पहले से ही 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनमें अब अतिरिक्त क्षमता विस्तार किया गया है। पावर ट्रांसफार्मर को कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) संजय खंडेलवाल ने उद्घाटन किया। इससे दोनों उपकेंद्रों की क्षमता बढ़कर 6.30 एमवीए हो गई है। इस विस्तार से पाटन वितरण केंद्र के ग्राम फुंडा, पुनाइदिह, अरसनारा, देवादा, सातरा सहित जामगांव (टी) वितरण केंद्र के घुघवा, करसा, बेंद्र, राखी, रवेली, अमेरी, गभरा, और छोटे व बड़े औरी जैसे क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इससे न केवल 3488 घरेलू और 993 कृषि उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि उन्हें भविष्य में समुचित वोल्टेज और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता बीपी दीपक, धर्मेन्द्र भारती, एसके राय, सहायक अभियंता दुजेंद्र गजपाल, कमलेश साहू आदि मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### विधायक देवेन्द्र ने कलेक्टर से की वाटर एटीएम के जल्द संधारण की मांग

**भिलाई।** टाउनशिप क्षेत्र में मटमैला और बदबूदार पानी आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। लगातार बीएसपी प्रबंधन को अवगत करने के बाद भी जब कोई हल नहीं निकाला तो विधायक देवेन्द्र यादव ने कलेक्टर को से



वाटर एटीएम संधारण की मांग की। विधायक देवेंद्र यादव ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से लोगों की समस्या से अवगत कराया है और जिला खनिज न्यास मद से पूर्व में स्थापित वाटर एटीएम मशीनों का संधारण जल्द से जल्द कराने की मांग की है। विधायक ने पत्र मे लिखा है कि भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के स्लम ऐरिया और टाउनशिप क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पिछले 2-3 वर्षों में विभिन्न स्थानों पर वाटर एटीएम लगवाए थे। एक समय के बाद इन मशीनों का संधारण की आवश्यकता है और कई मशीनें संधारण के अभाव में खराब हो गई है, जिससे लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है।

### रवि निगम बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष

**भिलाई।** रवि निगम को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई



है। उनकी इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।करीब दो दशकों से अधिक समय तक बजरंग दल में प्रखंड से लेकर प्रांत स्तर तक विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए रवि निगम ने युवाओं को संगठित करने और धर्म से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई है।

### मानव संसाधन केंद्र में वीआईपी लाउंज का उद्घाटन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में वीआईपी लाउंज का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इस अवसर पर जीएम प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव, डीजीएम यशवंत सिंह जोहरी सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। वीआईपी लाउंज का वरिष्ठ प्रबंधन के साथ संवाद, उच्च स्तरीय बैठकों एवं आगंतुक विशिष्ट अतिथियों के लिए उपयोग किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार अधोसंरचना संगठन के ज्ञानार्जन एवं विकास तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह वीआईपी लाउंज मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने में अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के हजारों अफसरों के वेतन भत्ते नहीं बढ़ने से अनिश्चितता

## सेफी ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र, जल्द चतुर्थ वेतन संशोधन समिति के गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेफी चेयरमेन और नेशनल कांफिडरेशन आफ ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) के अधिकारियों के लिए चौथी वेतन संशोधन समिति (पीआरसी) के शीघ्र गठन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री से मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने बताया कि गठन में विलंब से अधिकारियों में बढ़ रही अनिश्चितता से संगठनात्मक प्रदर्शन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

बंछोर ने पत्र में बताया कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में बोर्ड स्तर तथा बोर्ड स्तर से नीचे के कार्यपालक अधिकारियों और गैर-यूनियन पर्यवेक्षकों के लिए प्रत्येग दस वर्ष में वेतन संशोधन समितियों का गठन किये जाने की परंपरा रही है। ये संशोधन केंद्रीय वेतन आयोग की रूपरेखा के अनुरूप होते हैं तथा मुद्रास्फीति, बढ़ती जीवन-यापन लागत, आंतरिक समानता तथा निजी क्षेत्र के वेतन ढांचे के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित करते है। केंद्रीय वेतन आयोग का गठन 25 नवंबर 2025 को किया जा चुका है और इसके द्वारा शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों के लिए चतुर्थ वेतन संशोधन 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होना है। इसे देखते हुए जरूरी है कि चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन की प्रक्रिया अग्रिम रूप से प्रारंभ की जाए, ताकि विचार-विमर्श, हितधारकों से परामर्श तथा समय सीमा में क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके।सेफी ने बताया कि तृतीय वेतन संशोधन समिति का गठन 9 जून 2016 को किया गया था तथा केंद्र सरकार के अनुमोदन के बाद सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 3 अगस्त 2017 को वेतन संशोधन आदेश जारी किए गए, जो 1 जनवरी 2017 से प्रभावी हुए।



### प्रदर्शन पर पड़ेगा विपरीत असर

सेफी ने बताया कि वर्तमान चुनौतीभरे दौर में सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अत्यंत प्रतिस्पर्धी व गतिशील वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जहां उन्हें घरेलू एवं वैश्विक निजी क्षेत्र की कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक उपक्रमों के देश में योगदान को देखते हुए अधिकारियों के वेतन एवं भत्तों का समय पर संशोधन करना जरूरी तैकि बोर्ड स्तर व नीचे के स्तर पर उच्च कौशलयुक्त एवं प्रतिभाशाली पेशेवरों को आकर्षित करना तथा उन्हें बनाए रख जा सके। निजी क्षेत्र के समकक्ष उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता व समानता सुनिश्चित करने के साथ सरकारी लोक उद्यमों की परिचालन दक्षता एवं राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति को बल मिल सके।

## समस्या : हजारों लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

# मरोदा-उमरपोटी मार्ग में आधे से ज्यादा ट्यूबलर लाइट 15 दिनों से है बंद, अंधेरे में मुख्य सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मरोदा-उमरपोटी मार्ग पिछले 15 दिनों से अंधेरे में हैं। इस मुख्य सड़क मार्ग पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने लाखों रुपए खर्च कर स्ट्रीट लाइट लगवाई थी। सड़क के दोनों छोर पर ट्यूबलर लाइट लगवाई गई है। कुल 55 ट्यूबलर लाइट सड़क के दोनों छोर पर लगी है। हाल है कि सड़क के एक हिस्से की पूरी लाइट बंद है। इस हिस्से में 25 ट्यूबर लाइट और दूसरे हिस्से में से 4 ट्यूबलर लाइट बंद हो गई है। देर रात तक इस रोड पर लोगों का आवागमन होता है लेकिन एक हिस्सा अंधेरे में होने की वजह से लोगों को ठीक से दिखाई नहीं देता।

**रहवासियों की शिकायत के बाद भी सुधार नहीं**



### भारी वाहनों का होता है आवागमन

मरोदा से उमरपोटी मार्ग में भारी वाहनों का भी आवागमन रात तक हो रहा है। ये वाहन अंडा से जंजगिरी, पाउवारा, पुरई होते हुए उमरपोटी और फिर मरोदा मार्ग में आ रही है। भारत माला परियोजना के भारी वाहन सबसे ज्यादा चल रहे हैं। इसके अलावा भिलाई के सहायक उद्योगों का कच्चा माल भी बालोद होते हुए अंडा से भीतर लेकर आ रहे हैं। रिहायशी इलाका होने के बाद भी भारी वाहनों का इस तरह आवागमन पर जिला परिवहन विभाग चुप्पी साधे हुए है। जबकि ऐसे भारी मालवाहक ट्रकों को इस ग्रामीण इलाके से आवागमन पहले से ही प्रतिबंधित है। ट्यूबलर लाइट बंद होने की वजह से यहां ढुपहिया वाहन चालकों और साइकिल पर चलने वालों की जान जोखिम में डाला जा रहा है।

### मरोदा व उमरपोटी के रहवासी खासे परेशान

मरोदा -उमरपोटी मुख्य मार्ग पर ट्यूबलर पोल लगाने की मुख्य वजह थी यहां के लोगों को सुविधा प्रदान करना। इस मार्ग से उमरपोटी इलाके में दर्जनभर नई कालोनियों के रहवासियों का आवागमन होता है। जिसमें चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर, कबीर नगर सहित दर्जनभर कालोनी है। नेवईभाठा व मरोदा के लोगों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण है। हजारों लोगों का हर रोज सुबह से देर रात आना जाना करते हैं। इसके अलावा उमरपोटी, पुरई, उतई, पाउवारा, जंजगिरी, अंडा के ग्रामीण भी रोजाना प्लांट और भिलाई में दैनिक मजदूरी करने आते- जाते हैं। बिजली बंद होने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### यातायात विभाग केवल दुपहिया वाहनों पर कर रहा कार्रवाई

यातायात विभाग की चालानी कार्रवाई मरोदा और भीतर नेवईभाठा के चौक तक नाकेबंदी कर की जाती है। लेकिन इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। रहवासी सालभर पहले भारी वाहनों का आवागमन रोक कर विरोध भी कर चुके हैं। उसके बावजूद भी यातायात विभाग यहां कोई कार्रवाई नहीं करती। जिसकी वजह से रहवासियों में आक्रोश है। रहवासियों ने बताया कि मरोदा -उमरपोटी मार्ग पर मार्निंग , इवनिंग और नाईट वाकिंग बच्चे से लेकर महिलाएं और पुरूष करते हैं। बिजली बंद होने की वजह से तेज रफ्तार वाहनों से ढुघर्टना का खतरा बना हुआ है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान और भाजपा भिलाई जिला संगठन के मार्गदर्शन में भिलाई की सड़कों पर कांग्रेस के विरुद्ध भारी आक्रोश देखने को मिला। भाजयुमो भिलाई जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम की राह में रोड़ा अटकाने और महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के साथ छल करने के विरोध में आयोजित किया गया।

■ भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला

भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनकी राजनीतिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है, लेकिन कांग्रेस ने अपनी पुरानी परंपरा को दोहराते हुए महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि देश में मातृशक्ति का नेतृत्व बढ़े। वह महिलाओं को केवल एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती आई है। इस अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस ने फिर साबित कर दिया है कि वह बुनियादी रूप से एक महिला विरोधी पार्टी है। इस दौरान अमित राजपूत, शुभम चिंचोलकर, सौरभ चटर्जी, तुषार देवांगन प्रवीण यादव, स्वीटी कौशिक, अर्पणा मुखर्जी, नितेश सिंह, अखिलेश सिंह, माही तिवारी, समीक्षा, दीपशिखा सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विशेष चेकिंग अभियान : तीन माह में 4586 कार चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से दुर्ग यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत वर्ष 2026 के प्रथम तीन माह 20 दिनों में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस अवधि में कुल 4586 चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों, शहर के व्यस्ततम मार्गों तथा चिन्हित ब्लैक और ग्रे स्पॉट्स पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस का मुख्य फोकस तेज रफ्तार, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, शराब सेवन कर ड्राइविंग और लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन जैसे गंभीर उल्लंघनों पर रहा। जारी आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 2489 मामले बिना सीट बेल्ट के सामने आए, जो सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। इसके अलावा तेज रफ्तार के 715, खतरनाक ड्राइविंग के 528, नो पार्किंग के 561, शराब पीकर वाहन चलाने के 248 तथा ब्लैक फिल्म के 45 प्रकरण दर्ज किए गए। यातायात पुलिस का मानना है कि तेज रफ्तार और सीट बेल्ट का उपयोग न करना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु के प्रमुख कारण हैं, इसलिए इन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सात प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से हेलमेट चेकिंग अभियान भी संचालित किया जा रहा है। आने वाले समय में नेहरू नगर से खुर्सीपार मार्ग, भिलाई-3 रोड और कुम्हारी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों और मोबाइल कैमरों के माध्यम से ई-चालान की कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इससे नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार निगरानी रखी जा सकेगी। इसके साथ ही, यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# 69 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने नयापारा रोड इलाके में कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से देशी शराब की बड़ी खेप जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरबीएस बस सर्विस डिपो के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से देशी मदिरा बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदेहियों को पकड़ लिया। पहले मामले में आरोपी राहुल निषाद (24), निवासी बजरंग नगर के पास से 34 नग शोले मसाला देशी शराब करीब 6.120 बल्क लीटर और 200 रुपए नगद बरामद किए गए। वहीं दूसरे मामले में आरोपी प्रकाश निषाद (50), निवासी बजरंग नगर के कब्जे से 35 नग देशी शराब करीब 6.300 बल्क लीटर जब्त की गई। दोनों मामलों में कुल 69 नग देशी मदिरा 12.420 बल्क लीटर जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# सेक्टर सात के जर्जर मार्गों से आवागमन दुरूह, बढ़ी दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पार्षद लक्ष्मीपति ने सीजीएम से की जल्द गड्ढों को दुरुस्त किए जाने की मांग

टाउनशिप के सेक्टर 7 में कई व्यस्ततम के जर्जर सड़कों और गड्ठों से बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पार्षदों ने मरम्मत के लिए विभाग पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। वार्ड 66 के पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) से मिलकर ज्ञापन सौंपकर सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की जानकारी देते हुए जल्द संधारण किए जाने की मांग की है। बताया है कि इसके पूर्व भी तीन बार पत्र देकर इस गंभीर समस्या के निदान की मांग कर चुके हैं। लेकिन अब तक सभी स्थलों पर गड्ठों की मरम्मत नहीं किए जाने से आवागमन में परेशानी और दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने सीजीएम को बताया कि सेक्टर 7 टाउनशिप के मध्य में होने से लोग अन्य सेक्टरों के साथ दुर्ग व पावरहाउस जाने आने के लिए यहां से गुजरते हैं। लेकिन कई सड़कों के चौकों पर बड़े, चौड़े और गहरे गड्ठे हो गए हैं। पिछले करीब दो साल से इनकी मरम्मत नहीं होने से वाहनचालकों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है और आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही है। प्रमुख जर्जर दुर्घटनाजन्य स्थलों में सेक्टर 6 ई मार्केट से सेक्टर 7 सड़क 9 और 10 जाने वाले मार्ग के तिराहे में करीब तीन बाई चार आकार के 4 बड़े गड्ठे पिछले दो साल से है। तारकोल उखड़ने से बोल्डर दिख रहे हैं। सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ड्यूटी टाइम व रात में हो रही हैं। इसके अलावा सेक्टर 6 व सेक्टर 7 के बीच मुख्य मार्ग एवेन्यू ए जाने वाले मार्ग भी जर्जर होने से दुर्घटनाजन्य है। सेक्टर 7 मार्केट में एटीएम के पास भी मार्ग पर जर्जर गड्ढे हैं। यहां मार्केट के साथ दुर्ग व पावहाउस के लिए आवाजाही होती है। श्री राजू ने बताया कि इसके पूर्व तीन मर्तबार विभागीय अधिकारियों को पत्र देकर समस्या के निदान की मांग करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने जनहित को देखते हुए सीजीएम से इन सभी दुर्घटनाजन्य जर्जर गड्ठों को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। सीजीएम ने जल्द मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया है।

## आयुक्त ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा

# पानी टंकी निर्माण समय पर पूरा करने, स्ट्रीट लाइट शुरू करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर में चल रहे विकास कार्यो एवं मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली । बैठक में बिजली बिल, पानी टंकी निर्माण, पाईप लाइन संधारण, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, स्वच्छ सर्वेक्षण, तालाब सफाई, निर्माण कार्य, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सिवरेज निर्माण एवं लंबित शिकायतों का निराकरण जैसे विषय प्रमुख बिन्दु थे।

निगम आयुक्त बैठक की शुरूवात विद्युत आडिट के संबंध में किए गए कार्य से किये । विद्युत कनेक्शन के संबंध में सही ऑडिट हो जिससे विद्युत बिल का अतिरिक्त भार को काम किया जा सके। कार्यालय अवधि के लिए शासकीय नंबर का उपयोग अनिवार्य किया जाना है। शहर में चल रहे पानी टंकी का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराना है, जिससे नागरिको को पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति की जा सके। वार्डो के लिकेज पाईप लाईन का चिन्हांकित कर शीध्र उसका संधारण कराया जाना है, जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके। सड़को पर लगे लाईटो का चालू कराना है, बंद लाईट का संधारण कर उसके जगह नया लाईट लगाया जाना है और उद्यानों में पौघो की पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था मुहैया कराना अति आवश्यक है, जिससे पर्यावरण को हरा-भरा एवं प्रदुषण मुक्त बनाया जा सके। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, नालियों, तालाबों, मोहल्लो एवं बाजारों का प्रतिदिन सफाई को प्राथमिकता देना है। आगामी 1 मई से सुशासन तिहार प्रारंभ होगा, जिसमें आम नागरिक अपने समस्याओं के निवारण हेतु आवेदन कर सकते हैं।

बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, वेशराम सिंहा, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, डी एस कोसरिया, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, संजय वर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सुनील जैन, अरविन्द शर्मा, अनिल सिंह, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, राजस्व अधिकारी जे पी तिवारी, सहायक अभियंता गण, उप अभियंता गण, सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो

बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि शहर में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो को विशेष प्राथमिकता देते हुए करना है। निर्माण कार्यो को गुणवत्ता युक्त एवं समय पर पूर्ण कराया जावे, जिससे नागरिको को मिलने वाली सुविधा प्रदान की जा सके। बरसात से पूर्व रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिक से अधिक निर्माण कराया जाना है, जिससे वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके और गिरते भू-जल स्तर को सुधारा जा सके। चल रहे सिवरेज लाईन का कार्य जल्द पूरा कराना है। साथ ही नागरिको से मिलने वाली शिकायतों का समय पर निराकरण किया जाए। शहर के वार्ड पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करना है, जिससे वार्ड की समस्या में सुधार हो सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




लाइव इवेंट

## पोषण पखवाड़ा में दी सुपोषण किट और शैक्षणिक सामग्री



**भिलाई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1, परिक्षेत्र तीन दर्शन मंदिर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र प्रेमनगर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। आयोजन में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को सुपोषण किट, प्रोटीन पाउडर, शैक्षणिक सामग्री एवं चरण पादुका वितरित की गई। साथ ही विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 25 बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सेवा में अग्रणी संस्थान गोल्डन एम्पथी जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई तथा सहयोगियों ने सुदृढ़ आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए समुदाय से सहयोग जुटाने की थीम पर सहभागिता दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा, सुपरवाइजर अंजू यादव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना बांधे ,रुखमणि चंद्राकर, रुखमणि कश्यप, संगीता यादव, तबस्सुम, सविता डाकोरे, शिल्पा, मोनिका, ताज बेगम, सुजाता ठाकुर, भगवती, रेणु, ललिता, गिरिजा, सरोज, साधिका, सिंधु, जमीला, अर्चना, ममता एवं विशाखा उपस्थित रहीं। सहायिका के रूप में गंगा, प्रतिभा, दुर्गा, राखी एवं पार्वती की विशेष रुप से उपस्थित रही।



कन्या महाविद्यालय मे विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन

# पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी का दिया संदेश

**विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ट्विनसिटी के शासकीय और शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न स्थानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान धरती की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेंदारी का संदेश देने जागरुरता रैली निकाली गई, वही महाविद्यालय में निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक का कम उपयोग और ऊर्जा की बचत-धरती को सुरक्षित रखने जैसे छोट-छोटे प्रयास करने की जानकारी दी गई।**

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह, जागरूकता और सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भूगोल, वनस्पतिशास्त्र एवं प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के तहत पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे पर्यावरण जागरूकता रैली और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है और इसके बिना हमारा अस्तित्व संभव नहीं है। आज जिस प्रकार पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन हो रहा है, वह हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस वर्ष की थीम के अनुसार यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो हम पृथ्वी को सुरक्षित और संरक्षित रख सकते हैं। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे।

उन्होंने आगे विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें।

भूगोल विभाग ने पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। वनस्पतिशास्त्र विभाग ने पौधों के महत्व, जैव विविधता एवं वृक्षारोपण के लाभों पर प्रकाश डाला। प्राणिशास्त्र विभाग ने जीव-जंतुओं के संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन एवं वन्यजीव सुरक्षा के महत्व को समझाया। तीनों विभागों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

अंत में सभी उपस्थित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पृथ्वी की रक्षा करने एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया था।

निकाली जागरूकता रैली







## बीआईटी दुर्ग में सेमिनार: छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव संभव



**भिलाई।** दि इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, भिलाई लोकल सेंटर ने भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के सहयोग से वर्ल्ड अर्थ डे का आयोजन किया गया। आवर पावर, आवर प्लैनेट की थीम पर आयोजित सेमिनार में डॉ. सिंधु जे. नायर, प्रोफेसर ऑफ सिविल इंजीनियरिंग कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थी। उन्होंने बताया कि छोटे और व्यक्तिगत प्रयास पृथ्वी और पर्यावरण को संरक्षित करने में बड़े और संगठनात्मक प्रयासों की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं। बीआईटी दुर्ग प्रिंसिपल डॉ. अनुप मिश्रा ने कहा कि युवा इंजीनियर्स के बीच ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता पैदा करना पृथ्वी संरक्षण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। डॉ. शीना शेखर फैकल्टी एडवाइज़र बीआईटी दुर्ग ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए पृथ्वी को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है। आईईआई ऑनरेरी सेक्रेटरी डॉ. सुप्रिया त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता की संज्ञा दी जाती है और माता का सम्मान व देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेम्बर्स और आईईआई मेम्बर्स ने भाग लिया। अराधना असाटी और श्रेया तिवारी ने स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स के रूप में कार्यक्रम का संचालन किया।

लाइव इवेंट

## मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर और सत्संग का आयोजन



**भिलाई।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन भिलाई-दुर्ग द्वारा मानव एकता दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को सेक्टर-8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन स्ट्रीट नंबर 41 में रक्तदान शिविर और आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मानव एकता, प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश देने बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में किया जा रहा है। दुर्ग-भिलाई के संयोजक सतपाल सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है, जो मानव जीवन में सेवा, विनम्रता और आपसी सद्भाव का संदेश देती हैं। सहायक जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भिलाई, दुर्ग, जामुल, चिचा, उतई और दल्ली राजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों अनुयायी इस रक्तदान शिविर में भाग लेंगे। पिछले वर्ष इस शिविर में 320 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जिले में एक रिकॉर्ड बनाया था। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर जीवन बचाने की अपील की है।

## इप्टा की ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य कार्यशाला 5 मई से



**भिलाई।** भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा भिलाई द्वारा 29वीं ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य कार्यशाला का आयोजन 5 मई से 25 मई तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भिलाई इप्टा द्वारा पिछले 28 वर्षों से कोरोना महामारी के दो वर्षों को छोड़कर लगातार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष 20 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 मई से 25 मई तक कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला के समापन अवसर पर 24 एवं 25 मई को प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार किए गए नाटक, गीत एवं नृत्य की आकर्षक मंच प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यशाला में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा बच्चों को योग, क्राफ्ट, थिएटर गेम्स, गायन, चित्रकला कार्टून, मूर्तिकला, अभिनय एवं स्क्रिप्ट राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, उपन्यासकारों, कहानीकारों, कवियों, व्यंग्यकारों, लोक कलाकारों से रूबरू होने का अवसर भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिए इप्टा कार्यालय, नेहरू सांस्कृतिक भवन, सेक्टर-1 से शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक जानकारी प्राप्त किया जा सकते हैं। 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे इस कार्यशाला में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए चित्रांश श्रीवास्तव, चारु श्रीवास्तव, रोशन घड़ेकर, रोहित रेड्डी, निकिता कुमारी और अमिताभ शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

### हेमचंद विश्वविद्यालय का 11वां स्थापना दिवस समारोह आज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का 11 वां स्थापना दिवस 24 अप्रैल को होने जा रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2015 में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के प्रावधानों के तहत हुई थी। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत 160 महाविद्यालय संबद्ध हैं। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पलटा, प्रथम कुलपति डॉ. एनपी दीक्षित होंगे। विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, ज्ञान का प्रसार करना और समाज के समग्र विकास में योगदान के लिए की गई। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर के लिए बेस्ट कॉलेज, बेस्ट टीचर, बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड दिया जाएगा।

## स्वरोजगार उपलब्ध कराने महिलाओं को प्रशिक्षण



**भिलाई।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार उपलब्ध कराने की प्रशिक्षण दिया जा रहा है। घरेलू कार्य के साथ-साथ महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। गुरुवार को डी लक्ष्मी और विमला सेनापति को दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। मशीन चलाने के दौरान सुरक्षा के भी उपाय बताए गए।

सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र भिलाई के प्रवास आंध्रा पाठशाला वार्ड 29 में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। इस शिविर में महिलाओं को दोना पत्तल बनाना सिखाया गया हैं। 87 महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, रूई बत्ती के लिए वाईपर का फार्म भरा गया हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से लेकर दोपहर 1 बजे तक सिलाई मशीन का ट्रेनिंग दी जाएगी। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित महिलाओं के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण 20-20 महिलाएं या लड़कियों का समूह बनाकर दिया जाएगा।

लाइव इवेंट

## स्लैग गैलरी से एमआरडी चौक तक आकर्षक पेंटिंग्स



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) द्वारा सुरक्षा जागरुकता के लिए गैरेज रोड, स्लैग गैलरी से एमआरडी चौक तक की दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग का कार्य किया गया है। चित्रों में सुरक्षा संबंधी संदेश दिया गया है। फाउंड्री सर्कल से आरसीएल टर्निंग तक स्थानीय कला को सुरक्षा विषयों के साथ संयोजित किया गया है।

इसी तरह की पेटिंग्स नर्सरी से यूआरएम टर्निंग प्वाइंट तक अगली वॉल पेंटिंग का कार्य प्रस्तावित है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक महाप्रबंधक मार्टि कमैया चित्रों म योगदान रहा है। विभाग प्रमुख और महाप्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि सौंदर्यीकरण और सुरक्षा जागरुकता के लिए यह कलात्कम प्रयास अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

विश्व टेबल टेनिस दिवस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दुर्ग में आयोजन

# टेबल टेनिस से बढ़ती है शारीरिक फिटनेस और मानसिक एकाग्रता, खेल की तकनीकी बारीकियों से हुए रु ब रू

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विश्व टेबल टेनिस दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुर्ग महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हेल्थ एंड वेल-बीइंग की थीम पर आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करने खेलों को दिनचर्या में अपनाने की बातें कही। विशेष रुप से टेबल टेनिस के महत्व को बताते हुए कहा कि यह खेल सभी आयु वर्गों के लोगों के लिए फिट रहने के लिए उपयुक्त है, यह शारीरिक फिटनेस, मानसिक एकाग्रता और चुस्ती-फुर्ती को भी बनाए रखता है। इस दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

दुर्ग के शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या पीजी महाविद्यालय में विश्व टेबल टेनिस दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। वर्ष विश्व टेबल टेनिस दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन महाविद्यालय में किया गया, जिसकी थीम हेल्थ एंड वेल-बीइंग रखी गई है।

कार्यक्रम में छात्राओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए खेल समिति की संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि टेबल टेनिस एक ऐसा खेल है, जो न केवल हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त है, बल्कि यह






शारीरिक फिटनेस, मानसिक एकाग्रता और चुस्ती-फुर्ती को भी विकसित करता है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह अत्यंत लाभकारी खेल है।

### शैडो प्रैक्टिस और अकेले अभ्यास करने के बताए प्रभावी तरीके

इस अवसर पर महाविद्यालय की भूतपूर्व खिलाड़ी शैल यादव को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को टेबल टेनिस की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बैट पकड़ने के विभिन्न तरीकों, सर्विस के प्रकार, पॉइंट हासिल करने की रणनीति, शैडो प्रैक्टिस और अकेले अभ्यास करने के प्रभावी तरीकों का विस्तार से प्रदर्शन कर छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर शैल यादव ने छात्राओं को यह भी संदेश दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को अपनाना आवश्यक है, क्योंकि बेहतर करियर और अच्छी नौकरी के लिए सर्वांगीण विकास बेहद जरूरी है।

वहीं महाविद्यालय की खेल अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि इस वर्ष विश्व टेबल टेनिस दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन महाविद्यालय में किया गया, जिसकी थीम हेल्थ एंड वेल-बीइंग रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन के माध्यम से भूतपूर्व छात्राओं को महाविद्यालय से जोड़ने और संस्थान के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. गणेश नायक सहित पायल साहू, गीतिकी प्रधान, अवनी, निष्कृति, तारणी, अनिमा, सोनम राजभर और ईशुलता सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रही।

## सिटी इवेंट

# बेटियां बढ़ा रहीं समाज का गौरव ब्रांच मैनेजर बनी सोनल का सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद, जिला दुर्ग द्वारा मरोदा सेक्टर निवासी सोनल ठाकुर का सम्मान किया गया। सोनल वर्तमान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं और अपनी मेहनत व लगन से इस मुकाम तक पहुंची हैं। कार्यक्रम के दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठाकुर ने कहा कि सोनल की उपलब्धि पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और ऊंचे पदों पर पहुंचकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी उपलब्धियां समाज के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सोनल ठाकुर को राजकीय गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सोनल, समाजसेवी पतिराम ठाकुर और छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकला तारम की सुपुत्री हैं। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष दिनेश्वरी भुआर्य, डालिया ढाले, भुवनेश्वरी उइके, मानकुंवर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और सोनल को बधाई दी।

- **आदिवासी विकास परिषद ने किया सम्मान, कहा-युवाओं के लिए प्रेरणा हैं बेटियां**

## एजुकेशन लाइव

# विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए किया प्रेरित, प्रतियोगिताओं में दिखा नवाचार



**भिलाई।** भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्ग के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा नवाचार परिषद द्वारा ई-समिट 2026 का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवाचार, उद्यमिता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सशक्त मंच प्रदान किया। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण वक्ता सम्मेलन और हैकाथॉन रहा। वक्ता सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं चार्टर्ड लेखा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने वित्त, स्थिरता और प्रौद्योगिकी से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। हैकाथॉन में प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सेवा, वित्त, औद्योगिक उपयोग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिनमें पिच परफेक्ट, 100 रुपये वेंचर, बीजीएमआई मुकाबला और एस्केप रूम शामिल रहे। कार्यक्रम में आयोजन सदस्य सचिव आईपी मिश्रा, प्राचार्य डॉ. अनुप मिश्रा, समन्वयक डॉ. अशोक कुमार चंद्र और टीम के सदस्य उपस्थित रहे, साथ ही उन्होंने प्रदेश में नवाचार को नई दिशा दी।

- **नवाचार और उद्यमिता का संगम बना बीआईटी दुर्ग का ई-समिट 2026**

## सिटी इवेंट

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट मैनेजमेंट ग्लोबल वार्मिंग पर दी प्रस्तुति



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में भूगर्भशास्त्र विभाग एवं लायंस स्टूडेंट क्लब दुर्ग विजन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट मैनेजमेंट और ग्लोबल वार्मिंग पर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही पृथ्वी का संरक्षण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण, अनावश्यक बिजली की बचत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। लायंस क्लब के पी.बी. सक्सेना ने ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान पर चिंता जताई। विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने पृथ्वी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर व्याख्यान दिया, वहीं छात्राओं ने वेस्ट मैनेजमेंट और ग्लोबल वार्मिंग पर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

- **भूगर्भशास्त्र विभाग व लायंस स्टूडेंट क्लब दुर्ग विजन का आयोजन**

● 11वें स्थापना दिवस पर शिव मंदिर निर्माण करने वाले शिल्पी आनंद महाराणा का सम्मान

# भजन संध्या और महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मंदिर शिल्पी और कलाकार हुए सम्मानित







**भिलाई।** जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 परिसर में स्थापित बाबा भज विश्वनाथ महादेव मंदिर का 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। तिथि अनुसार आयोजित इस एक दिवसीय उत्सव में सुबह से लेकर देर रात तक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महादेव के दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान भजन और गीत संगीत के कार्यक्रम ने देर रात तक समां बांधे रखा। जिसमें काफी संख्या में सामाजिक जनों के साथ अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर के शिल्पियों और कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

### धार्मिक अनुष्ठान और महाआरती

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक के साथ हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला। कार्यक्रम के मुख्य जजमान बसंत प्रधान ने सपरिवार विधि-विधान से अभिषेक संपन्न किया। संध्या 7 बजे मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गूंज उठा, जब ढोल, नगाड़े और घंटवाद्य के साथ भव्य महाआरती की गई। इस अवसर पर हुई आकर्षक आतिशबाजी ने उत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए।देर रात तक चली भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी मेंटेनेंस एंड यूटिलिटी विजय कुमार बेहेरा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष संजय मिश्रा, जगन्नाथ समिति के महासचिव सत्यवान नायक और कार्यक्रम के जजमान बसंत प्रधान उपस्थित रहे।



### सफलता के सारथियों को किया गया प्रोत्साहित

जगन्नाथ समिति के महासचिव सत्यवान नायक ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता में बसंत प्रधान, त्रिनाथ साहू, कबि बिस्वाल, अनाम नाहक, रवि स्वाईं, वृंदावन स्वाईं, बी. सी. बिस्वाल, प्रकाश स्वाईं,सुशांत सतपति, रंजन महापात्र, निरंजन महाराणा, प्रकाश दास, वी. के. होता, सुभाष पात्रो, हिमांशु शांति,परितोष पाणिग्रही, आकाश व अविनाश प्रधान, कदंबिनी प्रधान एवं सुजाता साहू सहित उत्कल समाज के वरिष्ठ जनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद का वितरण कर किया गया। इस दौरान समिति ने सभी भक्तजनों की उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### शिल्पियों और कलाकारों का सम्मान

समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मंदिर के शिल्पी आनंद महाराणा और महाआरती में उत्कृष्ट ढोल वादन करने वाले कलाकार शत्रुघ्न स्वाईं को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भजन संध्या में अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करने वाले कलाकारों में मधुस्मिता दीक्षित, अंकित साहू, निकिता साहू, श्रेया नाहक, सविता देवांगन, दिलीप साहू, विश्व बंधन नाथ, राहुल किशन, गोविंद, अनिल, प्रकाश देवांगन और चितरंजन दास को भी सम्मानित किया गया।

## सम्मान...

# दिल्ली में सम्मानित हुई राव की कार्टून कला, मानद डॉक्टरेट के साथ दी सदस्यता



**भिलाई।** प्रख्यात कार्टूनिस्ट और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक बी.वी. पांडुरंगा राव को नई दिल्ली स्थित विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण आयोग ने कार्टून कला और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट प्रदान की गई है। यह सम्मान पिछेले दिनों नई दिल्ली के ग्रीन लाउंज में आयोजित 9वें साहित्य सेवा पुरस्कार वितरण समारोह में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता सुदेश बेरी ने दिया। उन्हें स्मृति चिन्ह, पदक और मानद डॉक्टरेट का प्रमाण पत्र देने के साथ ही विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण आयोग की सदस्यता का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस दौरान कार्टूनिस्ट राव ने मुख्य अतिथि अभिनेता सुदेश बेरी को ऑन-द-स्पॉट स्केच बनाकर भेंट किया। इस पर बेरी ने सुखद आश्चर्य के साथ उनका आभार जताया। यहां दर्शकों के बीच पांडुरंगा राव ने पर्यावरण, महिलाओं के अधिकारों और बच्चों की शिक्षा पर आधारित अपने कुछ जागरूकता कार्टून प्रदर्शित किए। वहीं उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का हस्ताक्षरित कैरीकेचर भी दिखाया। कार्यक्रम स्थल पर बैनर भी प्रदर्शित किया गया था, जिसमें पर्यावरण जागरूकता से जुड़े 35 कार्टूनों का एक अनूठा कोलाज बना हुआ था। वहां उन्होंने दुनिया की सबसे छोटी फ्लिप बुक भी दिखाई, जिसने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। बीएसपी से सेवानिवृत्ति के बाद बेंगलुरु में रह रहे 82 वर्षीय पांडुरंगा राव को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार, कार्टूनिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और पिछले 55 वर्षों से अपने विचारोत्तेजक कार्टूनों तथा अन्य विविध गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाने में दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों पर 55 बार अपनी एकल कार्टून प्रदर्शनियों का आयोजन किया है। वहीं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कार्टून प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार जीते हैं। पर्यावरण जागरूकता से संबंधित उनके विभिन्न कार्यों और अन्य उपलब्धियों को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और विभिन्न विश्व रिकॉर्ड में स्थान मिला है। श्री राव ने अपनी यह उपलब्धि भिलाई वासियों को समर्पित की है। श्री राव का मानना है कि भिलाई और भिलाई वासियों के प्रति वे हमेशा कृतज्ञ रहेंगे क्योंकि उनकी कार्टून कला को विकसित करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भिलाई ने हमेशा प्रोत्साहित किया।

## आयोजन

# बच्चों को मिला पोषण का संस्कार, भोजन से पहले धोया हाथ, फिर प्रार्थना कर तोड़ा निवाला




**भिलाई।** दुर्ग के केंद्रीय कर्मचारी नगर स्थित वार्ड 16 के आंगनवाड़ी केंद्र में आदर्श महिला समिति के तत्वावधान में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद खिलावन मटियारा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित इस भोज में बच्चों के लिए खीर-पूरी और फल का विशेष वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को तिलक लगाकर की गई। इस दौरान बच्चों में संस्कार दिखाई दिया, भोजन से पूर्व बच्चों ने हाथ धोया। उसके बाद थाली के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना कर निवाला ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष इंदु ढोक, उपाध्यक्ष रेखा पराते, सह सचिव ललिता मुन, सदस्य प्रमिला खापर्डे सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डी. पुष्पा, त्रिवेणी और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पार्षद खिलावन मटियारा ने कहा कि वार्ड में इस तरह के आयोजन लगातार होते रहने चाहिए, जिससे बच्चों को पोषण के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी मिलें। समिति की ओर से बच्चों के लिए पौष्टिक आहार जैसे बादाम, काजू, मूंगफली, भुना चना, अंडा, फल और दूध देने की बात कही गई। कार्यक्रम का समापन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डी. पुष्पा द्वारा किया गया।

**आदर्श महिला समिति का आयोजन महिलाओं को दिए टिप्स**

## मजबूत अधोसंरचना ही आर्थिक विकास की कुंजी

# तकनीकी उन्नति से कार्यकुशलता व उत्पादन में वृद्धि, अर्थव्यवस्था के मूलभूत आधार और व्यावहारिक प्रभाव से हुए अवगत

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आर्थिक विकास पर अधोसंरचना के विकास का प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग में किया गया। जिसमें छात्राओं को अर्थव्यवस्था के मूलभूत आधारों और उनके व्यावहारिक प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी देश का आर्थिक विकास उसकी अधोसंरचना पर निर्भर करता है। उन्होंने परिवहन, संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, ऊर्जा एवं जल आपूर्ति को विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में संतुलित और सुदृढ़ विकास से ही आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है और देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता बाखला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधोसंरचना का विकास उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है, जिससे निवेश में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि तकनीकी उन्नति और बेहतर सुविधाओं के कारण श्रम की कार्यकुशलता बढ़ती है, उत्पादन में वृद्धि होती है और बाजार का विस्तार होता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास को मजबूती मिलती है।





### अधोसंरचना के प्रभाव को विस्तार से बताया

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई की प्राध्यापक डॉ. शुभा शर्मा ने विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने परिवहन व्यवस्था, शहरी नियोजन, सार्वजनिक सुविधाओं, रोजगार सृजन और निवेश जैसे पहलुओं पर अधोसंरचना के प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ अधोसंरचना न केवल उत्पादकता को बढ़ाती है, बल्कि जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ सतत विकास को भी बढ़ावा देती है। डॉ. दीपक कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि मजबूत अधोसंरचना देश में घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करती है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी आती है। उन्होंने भारत में सड़क, रेल, डिजिटल नेटवर्क और ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे विकास के उदाहरण देते हुए अधोसंरचना को आर्थिक उन्नति का प्रमुख आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश चेलक द्वारा किया गया। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्याख्यान छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा साथ ही छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करने में सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं के साथ-साथ भूगोल, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'टॉम्ब रेडर' के सेट पर सोफी टर्नर हुईं घायल, दो हफ्ते तक बंद रहेगी शूटिंग



हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। शूटिंग करीब दो हफ्ते तक बंद रहेगी। लेकिन इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं। इसमें सोफी टर्नर लारा क्रॉफ्ट की भूमिका निभा रही हैं। 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग मुख्य रूप से ब्रिटेन में हो रही है। 'टॉम्ब रेडर' एक मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। पहले इस किरदार को एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने फिल्मों में निभाया था। अब पहली बार टीवी सीरीज में सोफी टर्नर लारा क्रॉफ्ट बन रही हैं। सीरीज की कहानी साहसी लारा क्रॉफ्ट के एडवेंचर पर आधारित है।

### टॉलीवुड

## 'पेद्दी' की शूटिंग को लेकर फैंस के बीच सवालों का दौर, रिलीज का भी इंतजार



'पेद्दी' के मेकर्स ने राम चरण और बुची बाबू सना की सेट से तस्वीर शेयर करते हुए बताया है कि इस फिल्म की शूटिंग कितने दिनों में पूरी होगी। इसमें जान्हवी कपूर हैं। राम चरण अभिनीत 'पेद्दी' 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से फैंस इसके बारे में चर्चा कर रहे हैं। टीम ने हाल ही में 'पेद्दी' की एक झलक जारी की, जिसमें राम चरण एक बिल्कुल ही अलग अंदाज में नजर आए। दुनिया भर के दर्शकों से इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। हाल ही में फिल्म निर्माताओं ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि यह फिल्म इसी साल जून में रिलीज होगी। हालांकि, इसकी सटीक तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में सेट से निर्देशक बुची बाबू सना और राम चरण के साथ एक सेल्फी पोस्ट की, जिससे फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया। इस बीच मेकर्स ने बताया है कि पूरा प्रोजेक्ट महज छह दिनों में ही पूरा हो जाएगा। इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा गया है कि 'पेद्दी के सेट से मेगा पावर स्टार राम चरण और बुची बाबू सना। फिल्म की पूरी शूटिंग अगले 6 दिनों में पूरी हो जाएगी। जून में इसकी रिलीज होगी।'

फिल्म का पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' हाल ही में रिलीज हुआ था। रिलीज होते ही यह गाना चर्चा का विषय बन गया। ए. आर. रहमान के जादुई संगीत के दम पर इसने श्रोताओं का दिल जीत लिया। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इसे अब तक 200 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। बुची बाबू सना की फिल्म 'पेद्दी' में राम चरण मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## पवन का नया गाना 'छिल देबू का' रिलीज होते ही छाया, धड़ाधड़ कटे रील्स




भोजपुरी कलाकार पवन सिंह का एक और नया गाना आ चुका है। उनके कई सारे गानों की तरह ये भी रिलीज होते ही सुपरहिट होने की राह पर निकल चुका है। फैंस खूब वीडियो भी शेयर कर रहे हैं।

भोजपुरी संगीत जगत के पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर अपने नए धमाकेदार गाने 'छिल देबू का' के साथ चर्चा में हैं। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो गया है और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस गाने में पवन सिंह के साथ गायिका ख़ुशी कक्कर की आवाज ने खास रंग भरा है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। गाने को लेकर पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर गाने गाए हैं और यह गाना भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उनके अनुसार, 'छिल देबू का' एक ऐसा ट्रैक है जिसमें एनर्जी, रोमांस और मनोरंजन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा।

पवन सिंह ने बताया कि इस गाने की खास बात इसकी धुन और बोल हैं, जो सीधे लोगों के दिल तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कोई गाना बनाते हैं तो कोशिश रहती है कि उसमें भोजपुरी संस्कृति की झलक हो और दर्शकों को नया अनुभव मिले। इस गाने में खुशी कक्कड़ की आवाज़ ने भी चार चांद लगा दिए हैं, जिससे गाना और भी आकर्षक बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब पर दर्शकों की प्रतिक्रिया बहुत मायने रखती है, और 'छिल देबू का' को मिल रहा प्यार यह साबित करता है कि दर्शक अभी भी अच्छे और एनर्जेटिक गानों को पसंद करते हैं। पवन सिंह ने अपने फैंस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके समर्थन के बिना कोई भी कलाकार आगे नहीं बढ़ सकता। आरवीएफ यूट्यूब चैनल से रिलीज इस गाने के बोल आशुतोष तिवारी और निक्की निहाल ने लिखे हैं, जबकि संगीत प्रियांशु सिंह ने दिया है।

पिछले महीने मुंबई में हुए फैशन वीक-2026 ने यह साबित कर दिया कि अब रोजमर्रा के पहनने लायक फैशन का दौर चल रहा है। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ मिलकर, चार दिनों तक चले रनवे शो में 30 से ज़्यादा डिज़ाइनरों को एक मंच पर इकट्ठा किया गया। हालांकि इस इवेंट को अभी शायद उतना वैश्विक ध्यान न मिला हो जितना हाल के अंतरराष्ट्रीय फैशन वीक्स को मिला है, फिर भी यह देश के सबसे महत्वपूर्ण फैशन मंचों में से एक बना हुआ है। इस सीज़न में, ज़ोर भव्यता से हटकर ऐसे कपड़ों पर आ गया जो रोज़मर्रा की अलमारी के लिए ज़्यादा प्रासंगिक लगते हैं।

### रोजमर्रा का फैशन







### लाइफ स्टाइल

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद रूखेपन से हैं परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

अगर आप भी बालों में मेहंदी लगाते हैं तो बालों को खराब होने से बचाने के लोए उन्हें नरिश करना चाहिए। इसलिए बालों में केवल मेहंदी लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि मेहंदी लगाने के बाद डीप कंडिशनरिंग भी करनी होगी। बालों में मेहंदी लगाने के बाद कैसे दें बालों को नरिशमेंट और बनाएं मुलायम व सिल्की, यह आपको जानना चाहिए।



### मिलाएं आंवला पाउडर और दही

मेहंदी लगाते समय ही आप बालों के डीप कंडिशनिंग का ख्याल रख सकते हैं। इसके लिए मेहंदी में आंवला पाउडर मिला लीजिए। इसमें दही या अंडे में से कोई एक चीज भी मिलाएं। इस तरह से मेहंदी लगाने से बालों में रूखापन नहीं आता। वैसे मेहंदी में आंवले का तेल या बादाम का तेल भी मिला सकते हैं।

### बालों में लगाएं दही का पैक

मेहंदी लगाने से बालों के रूखेपन को दूर करने के लिए दही का उपयोग करें। दही बालों के लिए रामबाण है, रूखेपन के अलावा बालों से डैंड्रफ को भी निकालता है। बालों में दही लगाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी दही में दो चम्मच ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल मिला लें। फिर नींबू की कुछ बूंदें डालकर मिला लें। अब दही का ये मिश्रण बालों पर करीब आधा घंटा लगाकर छोड़ दें। बाद में माइल्ड शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें। मुलायम बालों के लिए आप केले का हेयर पैक भी बना कर लगा सकते हैं। इसे बनाना आसान है। सबसे पहले एक केला, एलोवेरा और दो चम्मच कोई भी हेयर ऑयल लेकर मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े भी



जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।



अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।



दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**पेस्टल रंग:** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

## भीषण गर्मी के मौसम में पहनें इस तरह के सूट, मिलेगी राहत



अप्रैल का महीना लगते ही गर्मियों का मौसम तूफानी रूप दिखा रहा है। इस मौसम में लोग अपने खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव करते हैं। अगर ये बदलाव न किया जाए तो कई तरह की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। गर्मी के इस मौसम में लोग ऐसे कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो शरीर को राहत पहुंचाएं। इस मौसम में ज्यादातर लोग कॉटन, लिनन, और रेयॉन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। इन कपड़ों को पहनने के बाद आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। लड़के तो गर्मी के अनुसार टीशर्ट और जींस पहन लेते हैं, लेकिन लड़कियों को कपड़े पहनने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। अगर आपको सूट पहनना पसंद है, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मी के मौसम के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह के सूट पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका स्टाइल भी खूबसूरत दिखेगा।

गर्मी के इस मौसम में अगर आप इस तरह की शिफॉन का अनारकली सूट पहनेंगी, तो आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा। इसके साथ आप व्हाइट रंग की लैगिंग्स कैरी कर सकती हैं। गर्मी का मौसम है तो आप अपने बालों को बाँध भी सकती हैं।

अगर किसी कार्यक्रम में शामिल होना है, तो आप इस तरह का सिल्क का शरारा कैरी कर सकती हैं।

## मस्कारा के बिना ऐसे संवारे अपनी आंखें



आप भी अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ पलकों को भी घना बनाने का कई प्रयास करती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आज हम आपको इस खबर के जरिए एक ऐसे खास उपाय के बारे में बताएंगे, जिसे आजमाकर आप अपनी पलकों को अट्रैक्टिव और सुन्दर बना सकती हैं। अधिकतर महिला अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए मेकअप जरूर करती हैं। अगर आप भी अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए मेकअप करती हैं, तो अब आपको पलकों के लिए मस्कारा इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज हम आपको इस खबर के जरिए बताएंगे, कि कैसे आप मस्कारा का इस्तेमाल किए बिना ही अपनी आईलैशेस को खूबसूरत और घनी बना सकती हैं। आइए जानते हैं एक्सपर्ट से इस खास उपाय के बारे में।

### आईलैशेस ग्रोथ के लिए आसान टिप्स

सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं घनी पलके पाने के लिए कई प्रयास करती हैं। वे अपनी पलकों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा और नकली आईलैशेस का भी शामिल करती हैं। अगर आप भी पलकों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब मस्कारा नहीं 2 खास उपाय आजमा सकती हैं।

### विटामिन ई ऑयल का करें इस्तेमाल

आप अपनी पलकों को खूबसूरत बनाने के लिए घर पर रहकर विटामिन ई ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप एक कॉटन की मदद से थोड़ा आयल लें और इसे पलकों पर अच्छी तरह लगा लें। यह ऑइल आपकी पलकों को खूबसूरत, घना और अट्रैक्टिव बनाने में मदद करेगा।

### ओलिव ऑयल का करें इस्तेमाल

इसके अलावा आप अपनी पलकों को खूबसूरत और अट्रैक्टिव बनाने के लिए ओलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे भी आप कॉटन की मदद से अपनी पलकों पर लगाएं। आप हर एक दिन छोड़कर रात में सोने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें। उसके बाद अपनी पलकों पर हल्के हाथों से इसे लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### बिना सोचे-समझे बालों में रिबॉंडिंग कराना होता है गलत, पहले करें विचार

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, निखर जाएगा लुक और मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए।

इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।

### नुकसान के लिए रही तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है।

नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.



### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।

